मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 9 अंक 11
गुरुवार, 16 जुलाई 2026
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com


## अमित शाह की उपस्थिति में एमसीडी और एनडीडीबी ने सीबीजी प्लांट्स की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली, 15 जुलाई।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में आज नई दिल्ली में दिल्ली नगर निगम और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड ने दिल्ली में गोबर के समुचित उपयोग के लिए कंप्रेस्ड बायो-गैस प्लांट्स की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन सिंह, दिल्ली के उप-राज्यपाल तरनजीत सिंह संधू, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केन्द्रीय गृह सचिव और केन्द्रीय सहकारिता सचिव सहित केन्द्र एवं दिल्ली सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



इस अवसर पर अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज हुआ समझौता देश के सभी बड़े शहरों को स्वच्छ बनाने के लिए एक मॉडल का काम करेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से न सिर्फ पशु पालकों की आय बढ़ेगी, स्वच्छता भी बढ़ेगी, कंप्रेस्ड बायो-गैस प्राप्त होगी और ऑर्गेनिक खेती की दिशा में भी इससे बहुत बड़ी प्रेरणा मिलेगी।

अमित शाह ने कहा कि सभी देशवासी चाहते हैं कि यमुना नदी का जल स्वच्छ हो, लेकिन यह कल्पना यमुना नदी में गिरने वाली गंदगी के निकास के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यमुना जी के शुद्धिकरण के संकल्प की सिद्धि की दिशा में यह समझौता एक अहम कदम है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गटर के पानी और औद्योगिक कचरे के शुद्धिकरण के लिए दिल्ली में लगभग 80 ट्रीटमेंट प्लांट्स पर काम शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में थोड़ा सा भी गोबर यमुना जी में न जा पाए, ऐसी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सवा लाख मवेशियों के अपशिष्ट के निस्तारण के बिना यह संभव नहीं होगा। शाह ने कहा कि दिसंबर, 2028 तक हम यह सुनिश्चित करेंगे कि एक भी लीटर गंदा पानी यमुना नदी में न जाए।

अमित शाह ने कहा कि नांगली, घोघा-गोयला और गाजीपुर अपशिष्ट निस्तारण प्लांट्स से गोबर की प्रोसेसिंग का काम पूरा होगा। उन्होंने कहा कि सभी शहरी क्षेत्रों की स्वच्छता और देशभर के करोड़ों पशुपालकों की आय बढ़ाने की दिशा में यह प्रतीकात्मक पहल बहुत अहम है। उन्होंने कहा कि आज हुआ यह समझौता देशभर के सभी महानगरों के लिए और बाद में गोबर प्रोसेसिंग के माध्यम से देशभर के ग्रामीण क्षेत्र के पशुपालकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते में प्रति किलो 1 पशुपालकों को देने का प्रावधान किया गया है।

## चुनाव आयोग का बड़ा फैसला: दिल्ली, पंजाब समेत 4 राज्यों में वोटर लिस्ट की समय-सीमा बढ़ी

**नई दिल्ली, 15 जुलाई।** चुनाव आयोग ने दिल्ली, पंजाब, तेलंगाना और कर्नाटक में वोटर लिस्ट के 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' के तहत गिनती की अवधि और अंतिम वोटर लिस्ट जारी करने की समय-सीमा बढ़ा दी है। दिल्ली और कर्नाटक में, गिनती की अवधि 29 जुलाई से बढ़ाकर 8 अगस्त कर दी गई है। वोटर लिस्ट का ड्राफ़्ट अब 17 अगस्त को जारी किया जाएगा, जबकि पहले इसकी समय-सीमा 5 अगस्त थी। दावे और आपत्तियां 17 अगस्त से 16 सितंबर के बीच दर्ज की जा सकेंगी और फाइनल लिस्ट 19 अक्टूबर को जारी की जाएगी, जो पहले तय तारीख 7 अक्टूबर से बारह दिन बाद है।



पंजाब में, बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा गिनती के लिए घर-घर जाकर जानकारी जुटाने की समय-सीमा 3 अगस्त तक बढ़ा दी गई है और ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 13 अगस्त को जारी की जाएगी। दावे और आपत्तियां दर्ज करने का समय 13 अगस्त से 12 सितंबर तक होगा और फाइनल वोटर लिस्ट 12 अक्टूबर को जारी की जाएगी। तेलंगाना में, घर-घर जाकर वेरिफिकेशन का काम 3 अगस्त तक जारी रहेगा। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 10 अगस्त को जारी की जाएगी और 10 अगस्त से 9 सितंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। फाइनल वोटर लिस्ट 12 अक्टूबर को जारी की जाएगी। आयोग ने SIR प्रक्रिया में शामिल हर BLO और BLO सुपरवाइजर के लिए 6,000 रुपये के एकमुश्त विशेष मानदेय को भी मंजूरी दी है। चुनाव आयोग के एक पत्र में कहा गया है, मुझे यह बताने का निर्देश दिया गया है कि स्पेशल इंटेंसिव रिविजन प्रक्रिया में शामिल काम की मात्रा और प्रकृति को देखते हुए, आयोग ने इस प्रक्रिया में लगे हर BLO और BLO सुपरवाइजर को उनके सालाना वेतन के अलावा 6,000 रुपये का एकमुश्त मानदेय देने की मंजूरी दी है।

## घर में समारोह दौरान अचानक गिर गई छत, 11 लोगों की मौत व कई घायल

**पाकिस्तान, 15 जुलाई।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में भारी बारिश के कारण बड़ा हादसा हो गया। कोहाट जिले के लाची तहसील स्थित मलागिन इलाके में एक मकान की छत गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हादसे के समय घर में पारिवारिक समारोह चल रहा था। स्थानीय मीडिया के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब घर में परिवार के सदस्य एकत्रित थे। लगातार हो रही बारिश के कारण मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई और करीब 15 लोग मलबे के नीचे दब गए। सूचना मिलते ही रेस्क्यू 1122 की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सभी लोगों को मलबे से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन 11 लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि घायलों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है।



रेस्क्यू अधिकारियों के मुताबिक, घायलों और मृतकों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। मृतकों की पहचान बसमीना (50), नवाब जाना (45), फरमीना (45) और 6 वर्षीय अरहम सहित अन्य लोगों के रूप में हुई है। बता दें कि पाकिस्तान में मानसूनी बारिश लगातार तबाही मचा रही है। 2 जुलाई को पंजाब प्रांत में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 2 लोगों की मौत और 9 लोग घायल हुए थे। अटॉक में दीवार गिरने, शेखूपुरा में लकड़ी की छत ढहने और सरगोधा में साइनबोर्ड गिरने जैसी घटनाएं सामने आई थीं। 14 जून को खैबर पख्तूनख्वा में तेज बारिश, आंधी और बिजली गिरने से 7 लोगों की मौत और 33 लोग घायल हुए थे। आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान जर्जर इमारतों से दूर रहने और आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी कई इलाकों में भारी बारिश की संभावना जताई है।

## उत्तर प्रदेश की विशाल युवा आबादी राज्य की सबसे बड़ी ताकत है, कोई चुनौती नहीं: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, 15 जुलाई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश के युवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की बड़ी युवा आबादी कोई चुनौती नहीं, बल्कि राज्य की सबसे बड़ी ताकत है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार अब युवाओं को कौशल प्रदान कर इस जनसंख्या को आर्थिक विकास की एक बड़ी शक्ति में बदल रही है।

यूनेस्को की इस वर्ष की थीम 'साझा भविष्य के लिए कौशल' का जिक्र करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि इसका अर्थ सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना है। उन्होंने गर्व व्यक्त किया कि देश का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य होने के नाते उत्तर प्रदेश के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा कार्यशक्ति है। उन्होंने कहा कि हम युवाओं को कौशल से लैस कर इस जनसांख्यिकीय लाभ का उपयोग करेंगे और उन्हें समृद्धि के पथ पर आगे ले जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों, विशेष रूप से समाजवादी पार्टी (एसपी) पर कड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले राज्य की शिक्षा व्यवस्था बदहाल थी और कौशल विकास का कोई प्रभावी तंत्र नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय असुरक्षा का माहौल था, जिसमें न महिलाएं सुरक्षित थीं और न ही व्यापारी। युवाओं के सामने पहचान का संकट था और उन्हें राज्य के बाहर भेदभाव का सामना करना पड़ता था क्योंकि उत्तर प्रदेश में रोजगार के अवसर नहीं थे।



भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और शिवपाल यादव का नाम लिए बिना कहा कि सरकारी नौकरियों पर एक ही परिवार का कब्जा था। उन्होंने 'चाचा-भतीजे' की जोड़ी पर तंज कसते हुए कहा कि भर्तियां निकलते ही वे पैसे वसूलने निकल पड़ते थे और बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता था।आदित्यनाथ ने इस बात पर दुख जताया कि उपजाऊ जमीन, प्रचुर जल संसाधन और समृद्ध धार्मिक विरासत के बावजूद उत्तर प्रदेश को लंबे समय तक 'बीमारू' राज्य कहा गया। उन्होंने गंगा, यमुना, सरयू जैसी नदियों और अयोध्या, काशी, मथुरा जैसे महान धार्मिक स्थलों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य के बीमारू बने रहने का कारण यहां के लोग नहीं, बल्कि पिछली सरकारों की नकारात्मक सोच थी।मुख्यमंत्री ने 2017 के बाद अपनी सरकार की उपलब्धियों का विवरण देते हुए लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण इकाई की स्थापना की चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए सरकार ने विरोध के बावजूद 200 एकड़ जमीन मुफ्त दी, जिससे लगभग 500 आईटीआई और इंजीनियरिंग छात्रों को रोजगार मिला। उन्होंने कहा कि राजनीतिक इच्छाशक्ति के कारण ही आज राज्य के युवाओं को अवसर मिल रहे हैं और ब्रह्मोस की बिक्री से सरकार को करीब 65 करोड़ रुपये का जीएसटी राजस्व भी प्राप्त हुआ है।

## मोदी कैबिनेट ने ले लिये बड़े फैसले, किसानों और नौजवानों को दे डाली बड़ी सौगात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल और आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में देश की विनिर्माण क्षमता, बुनियादी ढांचे, कृषि, परिवहन और समुद्री क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले कई महत्वपूर्ण फैसलों को मंजूरी दी गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद इन निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य भारत को आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से सक्षम और वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना है। दक्षिण-एशियाईऔर प्रवासीहम आपको बता दें कि कैबिनेट ने मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (एमपीएमएस) को 62,500 करोड़ रुपये के बजटीय प्रावधान के साथ मंजूरी दी। वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक लागू रहने वाली इस योजना के तहत भारत में मोबाइल फोन निर्माण पर 2.25 से 5 प्रतिशत तक प्रोत्साहन दिया जाएगा। घरेलू स्तर पर प्रमुख कंपोनेंट्स की खरीद पर अतिरिक्त 1.5 प्रतिशत और भारतीय ब्रांडों द्वारा डिजाइन एवं अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) के लिए 3 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन भी मिलेगा। सरकार का अनुमान है कि योजना अवधि में लगभग 39 लाख करोड़ रुपये का मोबाइल उत्पादन होगा, निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा करीब 60 हजार प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। यह योजना पीएलआई योजना के बाद भारत को वैश्विक मोबाइल विनिर्माण केंद्र के रूप में और मजबूत करेगी।

साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को और गति देने के लिए सरकार ने सेमिकॉन 2.0 को भी 1.27 लाख करोड़ रुपये के बजट के साथ मंजूरी दी। यह कार्यक्रम चिप डिजाइन, मशीनों एवं कच्चे माल के निर्माण, नए फैब स्थापित करने, एटीएमपी/ओसैट इकाइयों के विस्तार, अनुसंधान एवं विकास तथा प्रतिभा विकास जैसे छह प्रमुख स्तंभों पर आधारित होगा।

## ममता बनर्जी का बीजेपी पर तीखा प्रहार

**कोलकता, 15 जुलाई।** तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। उन्हें एक और झटका तब लगा जब विधायक मदन मित्रा बागी खेमे में शामिल हो गए। उन्होंने कहा, जो जाना चाहते हैं, वे जा सकते हैं और साथ ही कहा कि उनके पास बीजेपी के लिए एक संदेश है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी चाहती थी कि उन्हें हार्ट अटैक आ जाए। ममता ने कहा कि बीजेपी चाहती थी कि मुझे हार्ट अटैक आए, लेकिन मैं तब तक ज़िंदा रहूँगी जब तक आपका अंत न देख लूँ। बुधवार को मित्रा ने ममता का खेमा छोड़कर रिताब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट का दामन थाम लिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने सिर्फ.विधानसभा में अपना कमरा बदला है। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के छह महीने के लिए पद से हटने की उनकी मांग न माने जाने के बाद उन्होंने TMC छोड़ दी।

उनके इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए ममता ने कहा कि मित्रा ने इसलिए पद छोड़ा क्योंकि एऊ ने मंगलवार को उनकी पत्नी और दो बेटों को समन भेजा था। उन्होंने यह भी कहा कि अभिषेक बनर्जी का उनके इस फैसले से कोई लेना-देना नहीं था। ममता ने कहा कि अभिषेक पार्टी पर हमलों के लिए एक बहाना बन गए हैं, जबकि उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को बार-बार समन भेजे गए हैं। उन्होंने समझौते के जरिए राहत पाने के बजाय राजनीतिक लड़ाई जारी रखने के लिए उनकी तारीफ की।

बुधवार को फेसबुक लाइव के दौरान TMC प्रमुख ने कहा कि अभिषेक बनर्जी को एक बहाना बना दिया गया है। उनके परिवार के सदस्यों को समन भेजे गए थे। अगर वह चाहते तो राहत पा सकते थे। लेकिन वह लड़ाई के मैदान से पीछे नहीं हटे। जिस तरह से उन्होंने लड़ना जारी रखा है, उनकी सभी कमियों को माफ कर दिया गया है। पार्टी छोड़ने वालों की आलोचना करते हुए ममता ने कहा कि मैं इन गद्दारों की ओर से जनता से माफी मांगती हूँ।


TIWARI'S
SARASWATI CLASSES
Since 1992
Parents' First Choice for 34+ Years
Prof. Dr. Dayanand Tiwari
Founder & Academic Director
ADMISSIONS OPEN
9th | 10th | 11th | 12th SCIENCE
NEET | JEE | MHT-CET
10 DAYS FREE DEMO
Attend Classes • Experience Our Teaching
Take Admission After Satisfaction
(No Hidden Conditions)
- 34+ Years of Academic Excellence
- Experienced & Dedicated Faculty
- Personal Attention
- Printed Notes & Regular Tests
- Strong Foundation for Boards & Competitive Exams

Santacruz Branch
101 Sai Chambers, Opp. Santacruz Railway Station (East), Near Depot, Santacruz (E), Mumbai-400055

Sion Branch
Opp. SIES College (Old), Near Gurukripa Hotel, Sion (West), Mumbai

Limited Seats / Small Batch Size
CALL NOW:
7738007373



DAKS REHAB CENTRE
(PARALYSIS PHYSIOTHERPHY CENTER AND OLD AGE HOME)
Contact us: 9820519851
विल्डिंग नंबर 3, प्लॉट नंबर 3, आदर्श घरकुल सोसायटी सायन कोलीवाडा जीटीबी नगर मुंबई-37

- Stroke/Paralysis/Complete Rehab Centre
- बाहर से आये रोगी और उनके परिजनो के ठहरने कि व्यवस्था
- वृद्ध लोगों के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध
- DM/HT/THYROID इन सब से कैसे बचें
- NGO में मिलनेवाली सहायता को लोगों में देना
- चिकिस्ता उपकरणो को किराये और बिक्री सुविधा उपलब्ध
- एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
- पोस्ट ऑपरेटिव रिहैब सेंटर
- मरीजों के लिए घर पर 12 और 24 घंटे जीडीए परिचारक
- विशेषज्ञ डॉक्टरो से ऑनलाइन और ऑफलाइन परामर्श की सुविधा उपलब्ध
- मासिक ईएमआई के आधार पर व्यक्तीयों, परिवारो और माता-पिता के लिए स्वास्थ्य निती की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध





NEW LIGHT CLASSES
TRADITION OF EXCELLENCE
2nd Floor, Sheetal Bldg. Near Diamond Talkies, L. T. Road, Borivali (West) Mumbai - 400 092 Maharashtra
ADMISSIONS OPEN
ALL OVER INDIA
ENROLL NOW



SMART CLASSROOM
(ONLINE/OFFLINE)
Courses Offered
- Std. XI & XII (Sci.)
- NEET
- JEE (Main & Advance)
- MHT-CET
- Polytechnic & Engg
- Physics and Maths (ICSE, CBSE, ISC)

M: 9833240148 | E: edu@newlightclasses.com | W: www.newlightclasses.com

## जगन्नाथ महायात्रा– 16 जुलाई, 2026
# आस्था, परम्परा, आध्यात्मिक चेतना का विराट उत्सव


-ललित गर्ग

आषाढ़ शुक्ल द्वितीया से प्रारम्भ होकर दस दिनों तक चलने वाली भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, लोकआस्था, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक दर्शन का विराट उत्सव है। पुरी की यह महायात्रा हजारों वर्षों की परम्परा का जीवंत प्रतीक है, जिसमें भगवान स्वयं अपने भक्तों के बीच आते हैं। इसी कारण इसे ह्यमहायात्राह्ल कहा जाता है। भारत के चार धामों में प्रतिष्ठित श्री जगन्नाथ धाम की यह यात्रा देश ही नहीं, सम्पूर्ण विश्व के करोड़ों श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बनती है। वर्ष 2026 की रथयात्रा भी अपार श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई जा रही है, किन्तु इस बार इसके साथ एक नया विवाद भी जुड़ गया है। देश एवं विदेश के अनेक स्थानों पर इस्कॉन द्वारा स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार अलग-अलग तिथियों पर रथयात्राएं आयोजित किए जाने पर कुछ धार्मिक एवं परम्परावादी संगठनों ने आपत्ति व्यक्त की है। उनका मत है कि जगन्नाथ रथयात्रा की तिथि वही होनी चाहिए जो पुरी श्रीमंदिर द्वारा निर्धारित होती है। दूसरी ओर इस्कॉन का तर्क है कि विदेशों में स्थानीय प्रशासन की अनुमति, सार्वजनिक अवकाश, मौसम तथा अन्य व्यावहारिक कारणों से कभी-कभी तिथि में परिवर्तन आवश्यक हो जाता है। यह विवाद केवल तिथि का नहीं, बल्कि परम्परा और वैश्विक विस्तार के बीच संतुलन खोजने का विषय बन गया है।



वास्तव में यह समझना आवश्यक है कि पुरी की रथयात्रा और अन्य स्थानों पर आयोजित रथयात्राओं का स्वरूप अलग-अलग हो सकता है, किन्तु उनका मूल उद्देश्य भगवान जगन्नाथ की भक्ति, लोककल्याण और धर्मप्रचार ही है। यदि परम्परा का सम्मान बना रहे और श्रद्धा अक्षुण्ण रहे तो मतभेद संवाद के माध्यम से सुलझाए जा सकते हैं। धर्म का मूल स्वरूप जोड़ना है, विभाजन करना नहीं। पुरी का श्रीमंदिर भगवान जगन्नाथ का मुख्य धाम है। लगभग 800 वर्ष पुराने इस मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण जगन्नाथ स्वरूप में अपने बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ विराजमान हैं। प्रतिवर्ष केवल एक बार तीनों देव विग्रह अपने गर्भगृह से बाहर निकलकर भक्तों को दर्शन देते हैं। यही इस यात्रा की सबसे बड़ी विशेषता है। सामान्य दिनों में जहां भगवान के दर्शन सीमित होते हैं, वहीं रथयात्रा में प्रत्येक व्यक्ति बिना किसी भेदभाव के भगवान के साक्षात दर्शन कर सकता है।

यात्रा की तैयारियां अक्षय तृतीया से प्रारम्भ हो जाती हैं। उसी दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के तीनों विशाल रथों का निर्माण आरम्भ होता है। प्रत्येक वर्ष नए रथ बनाए जाते हैं। यद्यपि उनका स्वरूप और आकार सदियों से समान रहता है, फिर भी प्रत्येक वर्ष नई लकड़ी, नई सज्जा और नवीन निर्माण किया जाता है। भगवान जगन्नाथ का रथ गरुड़ध्वज (कपिलध्वज), बलभद्र का तालध्वज तथा सुभद्रा का दर्पदलन अथवा पद्मध्वज कहलाता है। इन रथों के निर्माण की प्रक्रिया केवल शिल्पकला नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक साधना मानी जाती है। कारीगर विशेष धार्मिक नियमों का पालन करते हुए इन्हें बनाते हैं। यह परम्परा हमें यह संदेश देती है कि प्रत्येक वर्ष मनुष्य भी अपने भीतर की ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार और लोभ को त्यागकर स्वयं का नव-निर्माण करे।

रथयात्रा के पीछे अनेक पौराणिक कथाएं भी जुड़ी हैं। कहा जाता है कि एक बार सुभद्रा ने द्वारका नगर देखने की इच्छा व्यक्त की। तब भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने उन्हें अलग रथ पर बैठाकर नगर भ्रमण कराया। उसी स्मृति में तीनों भाई-बहनों की संयुक्त रथयात्रा निकाली जाती है। एक अन्य कथा के अनुसार भगवान की अपूर्ण प्रतिमाओं का निर्माण स्वयं विश्वकर्मा ने किया था, जो आज भी जगन्नाथ संस्कृति की विशिष्ट पहचान है। इस महायात्रा का एक अत्यन्त मार्मिक पक्ष यह भी है कि स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान अस्वस्थ माने जाते हैं और लगभग पन्द्रह दिनों तक सार्वजनिक दर्शन नहीं देते। इसके पश्चात वे रथों पर आरूढ़ होकर अपनी मौसी के घर गुण्डिचा मंदिर जाते हैं। वहां नौ दिनों तक विश्राम करते हैं और फिर बहुड़ा यात्रा के माध्यम से पुनः श्रीमंदिर लौटते हैं। लौटते समय भगवान का पोडा पीठा ग्रहण करना, पंचमी को देवी लक्ष्मी का रुष्ट होकर रथ का पहिया तोड़ना तथा बाद में भगवान द्वारा उन्हें मनाने की परम्परा भक्तिभाव एवं मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण है।

पुरी की रथयात्रा का एक अन्य अद्भुत दृश्य छेरा पहरा है। गजपति महाराज स्वयं स्वर्ण निर्मित झाड़ू से रथों के मार्ग की सफाई करते हैं। यह परम्परा संदेश देती है कि ईश्वर के समक्ष राजा और सामान्य व्यक्ति सभी समान हैं। सत्ता का सर्वोच्च पद भी सेवा से बड़ा नहीं हो सकता। रथयात्रा के समय जगन्नाथ मंदिर का महाप्रसाद भी विशेष आकर्षण का केन्द्र होता है। विश्व की सबसे बड़ी मंदिर रसोइयों में से एक इस रसोई में मिट्टी के पात्रों में प्रसाद बनाया जाता है। दाल, चावल, सब्जियाँ, मालपुआ, गजामूंग, लाई, नारियल तथा अनेक प्रकार के व्यंजन अत्यंत अल्प मूल्य पर श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराए जाते हैं। यह प्रसाद केवल भोजन नहीं, बल्कि समानता और साझेदारी का प्रतीक है।

धार्मिक ग्रन्थों में रथयात्रा का अत्यन्त महत्व बताया गया है। स्कन्द पुराण, ब्रह्म पुराण, पद्म पुराण तथा उत्कल खण्ड में भगवान जगन्नाथ की महिमा का विस्तार से वर्णन मिलता है। मान्यता है कि रथयात्रा के दर्शन एवं रथ को स्पर्श करने से अनेक जन्मों के पाप नष्ट होते हैं तथा रथ खींचने वाले को मोक्ष का अधिकारी माना गया है। यद्यपि इन मान्यताओं का आध्यात्मिक अर्थ यह है कि जो व्यक्ति अपने जीवन-रथ को धर्म, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलाता है, वही वास्तविक मुक्ति प्राप्त करता है। जगन्नाथ रथयात्रा की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सामाजिक समरसता है। इस अवसर पर जाति, वर्ग, भाषा, क्षेत्र अथवा सम्प्रदाय का कोई भेद नहीं रहता। लाखों श्रद्धालु एक साथ रथ की रस्सी खींचते हैं। यही वह क्षण होता है जब धर्म केवल पूजा-पद्धति न रहकर सामाजिक एकता का उत्सव बन जाता है।

आज यह यात्रा केवल पुरी तक सीमित नहीं रही। भारत के लगभग सभी प्रमुख नगरों सहित अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका और अनेक यूरोपीय देशों में भी जगन्नाथ रथयात्रा आयोजित होती है। विशेष रूप से इस्कॉन ने इस परम्परा को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। करोड़ों विदेशी भक्तों ने इसी माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण एवं जगन्नाथ संस्कृति को जाना है। इसलिए यदि कहीं तिथियों को लेकर व्यावहारिक परिवर्तन भी किए जाएँ तो उनके पीछे धार्मिक अवमानना नहीं, बल्कि स्थानीय व्यवस्थाओं की विवशता भी हो सकती है। फिर भी यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि जहाँ तक सम्भव हो, श्रीमंदिर की परम्परा और निर्धारित तिथि का सम्मान किया जाए, ताकि सम्पूर्ण विश्व में एकात्मता का संदेश और अधिक सुदृढ़ हो।

दार्शनिक दृष्टि से रथ मनुष्य के शरीर का, भगवान आत्मा का तथा रथ को खींचने वाली रस्सियाँ समाज और लोकशक्ति का प्रतीक हैं। आत्मा तभी सार्थक होती है जब समाज सहयोग करे और समाज तभी श्रेष्ठ बनता है जब उसके केन्द्र में ईश्वर, नैतिकता और आत्मशुद्धि का भाव हो। यही कारण है कि जगन्नाथ रथयात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मविशुद्धि, लोकमंगल, समरसता, सेवा और आध्यात्मिक जागरण का अनुपम पर्व है। वर्तमान समय में जब समाज अनेक प्रकार के वैचारिक, सामाजिक और धार्मिक विभाजनों से गुजर रहा है, तब भगवान जगन्नाथ की यह महायात्रा हमें स्मरण कराती है कि धर्म का वास्तविक उद्देश्य विवाद नहीं, बल्कि संवाद है। वर्चस्व नहीं, बल्कि समन्वय है और बाहरी आडम्बर नहीं, बल्कि अंतःकरण की पवित्रता है। यही इस महायात्रा का सनातन संदेश है कि जीवन का रथ तभी सही दिशा में चलता है जब उसमें श्रद्धा, सेवा, समरसता, आत्मसंयम और लोककल्याण के पहिए समान गति से चलते रहें। यही जगन्नाथ महायात्रा की शाश्वत महिमा है और यही इसकी वैश्विक प्रासंगिकता।

# आज पाकिस्तान इतिहास के सबसे खतरनाक और अंधकारमय मोड़ पर खड़ा है!


अशोक भाटिया

आज पाकिस्तान इतिहास के उस सबसे खतरनाक और अंधकारमय मोड़ पर खड़ा है, जहां से वापसी का हर रास्ता बंद दिखाई देता है। वर्ष 1971 में पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) के अलग होने के बाद, इस्लामाबाद के सैन्य और असैन्य नेतृत्व ने इतिहास की उस भीषण त्रासदी से कोई सबक नहीं सीखा। वर्तमान में सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, कूटनीति और आंतरिक संप्रभुता के मोर्चों पर जैसी बहुआयामी चुनौतियां एक साथ खड़ी हैं, वे यह गंभीर सवाल पैदा करती हैं कि क्या पाकिस्तान एक बार फिर टुकड़े-टुकड़े होने की कगार पर आ पहुंचा है? यह संकट केवल राजनीतिक अस्थिरता या कुछ दलों की आपसी खींचतान का नहीं है, बल्कि यह आधुनिक इतिहास में किसी राज्य (StÔte) के बुनियादी ढांचे और उसकी वैचारिक नींव के पूरी तरह ढह जाने का सबसे जीवंत उदाहरण है। पाकिस्तान की स्थापना जिस 'द्वि-राष्ट्र सिद्धांत' के आधार पर हुई थी, वह 1971 में ही दम तोड़ चुका था, लेकिन आज जो स्थिति है वह उससे भी कहीं अधिक भयावह है। आज संकट केवल एक हिस्से के अलग होने का नहीं, बल्कि पूरे देश के एक गृहयुद्ध की आग में झुलसकर कई स्वायत्त, हिंसक और अनियंत्रित गुटों में बंट जाने का है। जब किसी देश की सेना, न्यायपालिका, संसद और नागरिक समाज एक-दूसरे के आमने-सामने खड़े हो जाएं, तो उस राष्ट्र के मानचित्र को बदलने से कोई बाहरी ताकत नहीं रोक सकती।

किसी भी संप्रभु राष्ट्र की रीढ़ उसकी अर्थव्यवस्था होती है, और पाकिस्तान की यह रीढ़ इस समय पूरी तरह टूट चुकी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से बार-बार मिलने वाले 'बेलआउट पैकेज' भी देश की डूबती नैया को पार लगाने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं। वर्तमान में पाकिस्तान पर विदेशी कर्ज लगभग $290 अरब तक पहुंच चुका है, जो उसकी सकल घरेलू उत्पाद का 70 प्रतिशत से अधिक है। इस कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए पाकिस्तान को नया कर्ज लेना पड़ रहा है, जो उसे एक कभी न खत्म होने वाले 'डेथ ट्रैप' में धकेल चुका है।

देश के भीतर आर्थिक हालात यह हैं कि बढ़ती महंगाई ने आम नागरिकों का जीना मुहाल कर दिया है। विदेशी मुद्रा भंडार की भारी कमी के कारण जरूरी दवाओं, कच्चे माल और पेट्रोलियम पदार्थों का आयात ठप हो चुका है। ईंधन और बिजली की अभूतपूर्व किल्लत के कारण सरकार को चार दिन का कार्य सप्ताह लागू करने, बाजारों को शाम होते ही बंद करने और स्कूलों को बंद रखने जैसे आपातकालीन उपाय करने पड़े हैं।

जब कोई परमाणु संपन्न देश बुनियादी ऊर्जा, आटा और जीवन रक्षक दवाओं के लिए दुनिया के सामने कटोरा फैलाने को मजबूर हो जाए, तो उसकी संप्रभुता केवल कागजों तक सीमित रह जाती है। विश्व बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाओं की कड़ी शर्तों ने पाकिस्तान के आम आदमी की कमर तोड़ दी है, जिससे जनता का अपनी सरकार और राज्य व्यवस्था पर से विश्वास पूरी तरह उठ चुका है। यह आर्थिक पतन ही है जो बलूचिस्तान, सिंध और खैबर पख्तूनख्वा जैसे प्रांतों में अलगाववाद की आग में घी डालने का काम कर रहा है।

सैन्य और रणनीतिक मोर्चे पर, पाकिस्तान अपनी ही भौगोलिक सीमाओं के भीतर एक भीषण, अदृश्य और बहुआयामी युद्ध लड़ रहा है। बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी आंदोलन अब महज एक असंतोष नहीं, बल्कि पूरी तरह से एक संगठित गुरिल्ला युद्ध में बदल चुका है। बलूच लिबरेशन आर्मी और माजिद ब्रिगेड जैसे संगठनों ने अपनी रणनीति बदलते हुए छिटपुट हमलों की जगह पाकिस्तानी सेना के कोर मुख्यालयों और रणनीतिक ठिकानों पर सीधे और समन्वित हमले शुरू कर दिए हैं। हाल ही में सेना के ऑपरेशन शबान के खिलाफ बलूच विद्रोहियों की हिंसक प्रतिक्रिया ने यह साबित कर दिया है कि बलूचिस्तान के एक बड़े हिस्से पर इस्लामाबाद का प्रशासनिक नियंत्रण पूरी तरह समाप्त हो चुका है और वहां सेना केवल अपनी चौकियां बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। दूसरी तरफ, उत्तर-पश्चिमी सीमा पर स्थिति और भी बदतर है। डूरंड रेखा के पार से संचालित होने वाले तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कई जिलों में अपनी समानांतर सरकार स्थापित कर ली है। टीटीपी के लड़ाके अत्याधुनिक अमेरिकी हथियारों से लैस हैं, जो उन्हें अफगानिस्तान में मिले थे। वे पाकिस्तानी पुलिस और अर्धसैनिक बलों पर रोजाना आत्मघाती हमले कर रहे हैं।

इस परिदृश्य का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि अब वैचारिक रूप से भिन्न होने के बावजूद बलूच अलगाववादी (जो धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रवाद की बात करते हैं) और टीटीपी जैसे धार्मिक कट्टरपंथी संगठन पाकिस्तानी राज्य व्यवस्था के खिलाफ एक साझा मोर्चा बना रहे हैं। ये संगठन न केवल सुरक्षा बलों को निशाना बना रहे हैं, बल्कि चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की अरबों डॉलर की परियोजनाओं और चीनी इंजीनियरों पर लगातार हमले कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप चीन ने भी अब पाकिस्तान की सुरक्षा क्षमता पर भरोसा खो दिया है और वह अपनी संपत्तियों की रक्षा के लिए अपनी निजी सुरक्षा एजेंसियों या सेना को पाकिस्तान में तैनात करने का दबाव बना रहा है, जो पाकिस्तान की संप्रभुता के ताबूत में आखिरी कील साबित हो सकता है।

पाकिस्तान के इतिहास में यह पहली बार देखा जा रहा है कि वह एक साथ तीन सक्रिय और बेहद संवेदनशील अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर गंभीर सुरक्षा और कूटनीतिक संकट का सामना कर रहा है। १ ,कभी जिसे पाकिस्तान का सैन्य नेतृत्व अपनी 'रणनीतिक गहराई' और सुरक्षित पिछवाड़ा समझता था, आज वही अफगानिस्तान उसका सबसे बड़ा दुःस्वप्न बन चुका है। काबुल में तालिबान सरकार के आने के बाद पाकिस्तान को उम्मीद थी कि उसकी पश्चिमी सीमा सुरक्षित हो जाएगी, लेकिन इसके विपरीत डूरंड रेखा को लेकर दोनों देशों के बीच विवाद हिंसक झड़पों में बदल चुका है। सीमा पार से होने वाले हमलों और पाकिस्तान द्वारा की गई हवाई कार्रवाइयों ने दोनों देशों को युद्ध के मुहाने पर ला खड़ा किया है। 2 दक्षिण-पश्चिम में ईरान के साथ सीमा भी अब सुरक्षित नहीं रही है। दोनों देशों के बीच हाल के वर्षों में हुए मिसाइल हमलों और जवाबी कार्रवाइयों ने अविश्वास की एक ऐसी गहरी खाई खोद दी है, जिसे पाटना नामुमकिन लग रहा है। ईरान का आरोप है कि पाकिस्तान अपनी धरती पर जैश-अल-अदल जैसे सुन्नी आतंकवादी संगठनों को पनाह देता है, जबकि पाकिस्तान बलूच विद्रोहियों को ईरान में शरण मिलने का दावा करता है। इस तनाव के कारण पाकिस्तान को अपनी सेना का एक बहुत बड़ा हिस्सा इस सीमा पर तैनात करना पड़ा है, जिससे उसके आर्थिक संसाधन और समाप्त हो रहे हैं।३ पूर्व में भारत ने अपनी पारंपरिक रक्षात्मक नीति को पूरी तरह बदलते हुए साफ कर दिया है कि वह आतंकवाद के खिलाफ 'सक्रिय और आक्रामक कार्रवाई' से पीछे नहीं हटेगा। कश्मीर में धारा 370 के हटने और भारत की बढ़ती वैश्विक धक के बाद पाकिस्तान कूटनीतिक रूप से बिल्कुल अलग-थलग पड़ चुका है। इस तीन तरफा घिराव ने पाकिस्तानी सेना के संसाधनों, मनोबल और उसकी सामरिक क्षमता को पूरी तरह निचोड़ कर रख दिया है।

पाकिस्तान के अवैध नियंत्रण वाले कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान में स्थिति अब नियंत्रण से बाहर और अत्यधिक विस्फोटक हो चुकी है। दशकों से जारी आर्थिक उपेक्षा, भारी करों के बोझ, आटे-बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं की किल्लत और मानवाधिकारों के हनन के खिलाफ स्थानीय जनता ने एक निर्णायक युद्ध छेड़ दिया है। जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी जैसे नागरिक संगठनों के नेतृत्व में लाखों लोग सड़कों पर उतर चुके हैं।

दिलचस्प और ऐतिहासिक बदलाव यह है कि अब ये प्रदर्शनकारी केवल स्थानीय स्वायत्तता या सब्सिडी की मांग नहीं कर रहे हैं। मुजफ्फराबाद से लेकर रावलकोट तक की सड़कों पर खुलकर पाकिस्तान से आजादी और भारत के साथ विलय के नारे गूंज रहे हैं। वहां की जनता सार्वजनिक रूप से पाकिस्तानी झंडे जला रही है और पाकिस्तानी सेना को एक 'कब्जाधारी और लुटेरी फौज' के रूप में संबोधित कर रही है। जब किसी देश की जनता अपनी ही रक्षक होने का दावा करने वाली सेना के खिलाफ इस हद तक बागी हो जाए, तो उस क्षेत्र को बंदूकों के दम पर बहुत लंबे समय तक भौगोलिक रूप से बांधकर रखना मुमकिन नहीं होता। गिलगित-बाल्टिस्तान में भी लद्दाख के साथ ऐतिहासिक व्यापारिक रास्तों को खोलने की मांग गति पकड़ रही है, जो इस्लामाबाद के लिए एक बड़ा भू-राजनीतिक झटका है।

इस विनाशकारी और निराशाजनक परिदृश्य के बीच, दुनिया के सामने सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न यह उठता है कि क्या पाकिस्तान का औपचारिक रूप से सोवियत संघ या यूगोस्लाविया की तरह बिखर जाना तय है? अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और भू-राजनीति के कई वरिष्ठ विश्लेषकों का मानना है कि हालात बेहद खराब होने के बावजूद, देश का तत्काल और कानूनी रूप से कई टुकड़ों में टूट जाना इतना आसान नहीं है। इसके पीछे दो मुख्य अंतरराष्ट्रीय और आंतरिक कारण काम कर रहे हैंः पहला वैश्विक समुदाय, विशेषकर संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप और यहां तक कि चीन भी कभी नहीं चाहेगा कि 24 करोड़ की आबादी वाला और परमाणु हथियारों से लैस कोई देश पूरी तरह अराजकता में बिखर जाए। यदि पाकिस्तान एक राज्य के रूप में पूरी तरह विफल होकर टूटता है, तो उसके सैकड़ों परमाणु हथियारों और मिसाइल तकनीक के विभिन्न आतंकवादी संगठनों, गैर-राज्य तत्वों या धार्मिक चरमपंथियों के हाथ में जाने का सीधा खतरा पैदा हो जाएगा। यह परिदृश्य पूरी दुनिया के अस्तित्व के लिए एक दुःस्वप्न जैसा होगा। इसलिए, अंतरराष्ट्रीय ताकतें अपनी रणनीतिक मजबूरियों के कारण पाकिस्तान को 'डूबने' तो दे रही हैं, लेकिन उसे पूरी तरह 'मरने' या बिखरने से बचाने के लिए समय-समय पर वित्तीय ऑक्सीजन देती रहती हैं।दूसरा - पाकिस्तानी सेना और उसकी खुफिया एजेंसी भले ही रणनीतिक रूप से कमजोर और जनता की नजरों में बदनाम हो चुकी हों, लेकिन देश के आंतरिक संसाधनों, न्यायपालिका, मीडिया और राजनीतिक दलों पर आज भी उनका क्रूर नियंत्रण कायम है। सेना के पास अपनी सीमाओं को जबरन एकजुट रखने के लिए आधुनिक हथियार और क्रूर बल प्रयोग की असीमित क्षमता है। वे किसी भी बड़े विद्रोह को कुचलने के लिए मानव अधिकारों के हनन की सारी हदें पार करने को तैयार रहते हैं, जैसा कि वे बलूचिस्तान और सिंध में 'इन्फोर्सड डिसअपीयरेंस' के जरिए दशकों से करते आ रहे हैं।

# ताजमहल के साये में दफ्न है इतिहास का कौन-सा सच?


-सुरेश गांधी

ताजमहल... दुनिया के सात अजूबों में शामिल वह इमारत, जिसे करोड़ों लोग प्रेम का प्रतीक मानते हैं। लेकिन भारत में ताजमहल केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि समय-समय पर उठने वाली ऐतिहासिक बहसों का भी केंद्र रहा है। कभी इसके बंद कमरों पर सवाल उठते हैं, कभी इसकी नींव पर, तो कभी इसके निर्माण से पहले वहाँ क्या था इस पर। इन तमाम बहसों के बीच एक दस्तावेज बार-बार सामने आता है 1896 में प्रकाशित सैयद मुहम्मद लतीफ की पुस्तक आगरा : हिस्टोरिकल एंड डिस्क्रिप्टिव का पृष्ठ 105। हाल के दिनों में वायरल इंटरव्यू और टीवी बहसों में भी इसी पृष्ठ का उल्लेख किया जा रहा है। आखिर इस पृष्ठ पर ऐसा क्या लिखा है, जिसने वर्षों से विवाद को जीवित रखा है? सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने कहा, हम वर्षों से यही कह रहे हैं कि इतिहास से जुड़े इस विवाद को भावनाओं से नहीं, बल्कि मूल दस्तावेजों के आधार पर देखा जाना चाहिए। हमने अपने पक्ष में बादशाहनामा सहित कई ऐतिहासिक स्रोतों का उल्लेख किया है। विशेष रूप से आगरा : हिस्टोरिकल एंड डिस्क्रिप्टिव के पृष्ठ 105 में बादशाहनामा के हवाले से यह उल्लेख मिलता है कि जिस स्थान पर आज ताजमहल है, वह राजा मानसिंह का महल था, जो उस समय राजा जय सिंह के अधिकार में था। हमारा कहना है कि इन ऐतिहासिक संदर्भों की निष्पक्ष और गहन जांच होनी चाहिए, ताकि तथ्य देश के सामने आ सकें। लोकप्रिय विमर्श में अक्सर सीधे ‘मंदिर बनाम मकबरा’ की बहस शुरू हो जाती है, लेकिन ऐतिहासिक दस्तावेज पहले एक अलग प्रश्न उठाते हैं जिस भूमि पर ताजमहल बना, वह किसकी थी? यही वह बिंदु है, जहाँ इतिहास अपेक्षाकृत स्पष्ट दिखाई देता है। लतीफ अपनी पुस्तक में बादशाहनामा का हवाला देते हुए लिखते हैं कि मुमताज महल के मकबरे के लिए चुना गया स्थान मूलतः राजा मानसिंह के महल से जुड़ा था, जो उस समय उनके पौत्र राजा जय सिंह की संपत्ति था। साथ ही उल्लेख है कि शाहजहाँ ने इसके बदले जय सिंह को दूसरी संपत्तियाँ प्रदान कीं। यही पंक्तियाँ आज भी बहस का आधार बनती हैं। यानी पहला निष्कर्ष यह निकलता है कि भूमि और उससे जुड़ी संपत्ति का संबंध आमेर (जयपुर) के राजघराने से था। लेकिन यहीं से शुरू होता है दूसरा सवाल... अगर यह भूमि और महल जय सिंह की संपत्ति थे, तो फिर उस स्थान का आगे क्या हुआ? क्या पुरानी इमारत हटाई गई? क्या उसी का रूपांतरण हुआ? या पूरी तरह नया निर्माण हुआ? यहीं से इतिहास दो धाराओं में बँट जाता है।

मुख्यधारा के इतिहासकारों का मत है कि मुगलकाल में नदी किनारे बनी राजसी हवेलियों और बागों का अधिग्रहण कर उन्हें नए शाही निमार्णों में बदलना असामान्य नहीं था। उनके अनुसार उपलब्ध मुगलकालीन अभिलेख, स्थापत्य शैली और अन्य ऐतिहासिक स्रोत ताजमहल को शाहजहाँ द्वारा निर्मित मकबरे के रूप में प्रस्तुत करते हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) भी विभिन्न मामलों में यही रुख अपनाता रहा है कि उपलब्ध पुरातात्विक साक्ष्य ताजमहल को मुगलकालीन स्मारक मानते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल तो यही है फिर विवाद क्यों? यही वह प्रश्न है जो आज भी लाखों लोगों के मन में है। कुछ शोधकर्ता और याचिकाकर्ता कहते हैं कि यदि दस्तावेज में ‘राजा मानसिंह का महल’ लिखा है, तो उस महल का इतिहास विस्तार से सामने आना चाहिए। वे मानते हैं कि इस विषय पर और शोध तथा दस्तावेजों की समीक्षा होनी चाहिए।



**इतिहास कभी मरता नहीं। वह समय की धूल के नीचे दब जरूर जाता है, लेकिन जैसे ही कोई पुराना दस्तावेज खुलता है, कोई भूला हुआ संदर्भ सामने आता है या कोई नया सवाल उठता है, इतिहास फिर अपनी उपस्थिति दर्ज करा देता है। ताजमहल की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। दुनिया इसे प्रेम का सबसे अनुपम स्मारक मानती है, लेकिन भारत में इसकी पहचान केवल संगमरमर की खूबसूरती तक सीमित नहीं रही। यह इमारत दशकों से इतिहास, आस्था, पुरातत्व और राजनीति के चौराहे पर खड़ी है। कभी इसके बंद कमरों पर सवाल उठते हैं, कभी इसकी नींव पर, तो कभी उस जमीन पर, जहाँ यह खड़ा है। हाल के दिनों में एक बार फिर कुछ पुराने दस्तावेज, एक पुस्तक का चर्चित पृष्ठ और ऐतिहासिक संदर्भ राष्ट्रीय बहस का हिस्सा बने हैं। सवाल नए नहीं हैं, लेकिन उन्हें देखने का नजरिया बदल रहा है। यह रिपोर्ट किसी निष्कर्ष से शुरूआत नहीं करती। यह किसी पक्ष की पैरवी भी नहीं करती। यह सिर्फ उन दस्तावेजों के दरवाजे खोलती है, जिनका हवाला वर्षों से दिया जाता रहा है। इस श्रृंखला का उद्देश्य फैसला सुनाना नहीं, बल्कि पाठक को उस मुकाम तक ले जाना है, जहाँ इतिहास, दस्तावेज और दावे आमने-सामने खड़े दिखाई देते हैं। आगे का निर्णय पाठक स्वयं करे**

दूसरी ओर इतिहासकार कहते हैं कि किसी स्थान पर पहले महल या हवेली होने का उल्लेख अपने-आप यह सिद्ध नहीं करता कि वह किसी विशेष धार्मिक स्थल का रूप था। ऐसे निष्कर्ष के लिए स्वतंत्र और निर्णायक पुरातात्विक साक्ष्य आवश्यक होंगे।

इस पूरी बहस में सबसे बड़ी चुनौती यही है कि दावा और दस्तावेज एक ही चीज नहीं होते। दस्तावेज यह बताते हैं कि भूमि का संबंध जय सिंह की संपत्ति से था। दावा यह कहता है कि वहाँ पहले क्या था। उपलब्ध ऐतिहासिक संदर्भों में राजा जय सिंह की संपत्ति का उल्लेख मिलता है। भूमि के बदले दूसरी संपत्ति दिए जाने का उल्लेख भी मिलता है। लेकिन उस आधार पर आगे के सभी दावों को स्वतः स्थापित ऐतिहासिक तथ्य नहीं माना जा सकता। उन पर आज भी शोध, बहस और अलग-अलग व्याख्याएँ मौजूद हैं। ताजमहल की कहानी भी शायद यहीं से शुरू होती है एक जमीन से, एक दस्तावेज से और उन सवालों से, जिनके जवाब खोजने की कोशिश आज भी जारी है। वैसे भी भारत में शायद ही कोई ऐसा स्मारक हो, जिसके इतिहास पर ताजमहल जितनी बहस हुई हो। एक ओर इसे प्रेम का सबसे भव्य प्रतीक कहा जाता है, दूसरी ओर समय-समय पर यह दावा भी उठता है कि यह स्मारक किसी पूर्ववर्ती हिंदू स्थापत्य पर आधारित है। इन दावों का सबसे अधिक उल्लेख हाल के वर्षों में न्यायालयों, सार्वजनिक विमर्श और टीवी बहसों में देखने को मिला है। क्या सचमुच राजा जय सिंह की थी यह जमीन? इस प्रश्न का उत्तर कई इतिहासकार 'हाँ' में देते हैं लेकिन उसके साथ एक महत्वपूर्ण संदर्भ भी जोड़ते हैं। मुगलकालीन इतिहास 'बादशाहनामा' का हवाला देते हुए 1896 में प्रकाशित सैयद मुहम्मद लतीफ की पुस्तक आगरा : हिस्टोरिकल एंड डिस्क्रिप्टिव में उल्लेख मिलता है कि मुमताज महल के मकबरे के लिए चुना गया स्थान मूलतः राजा मानसिंह के महल से जुड़ा था, जो उस समय उनके पौत्र राजा जय सिंह की संपत्ति था। पुस्तक के पृष्ठ 105 का यही उल्लेख आज भी बहस का केंद्र बना हुआ है। यहीं से पहला तथ्य सामने आता है भूमि और उससे जुड़ी संपत्ति का संबंध जयपुर राजघराने से था। यहीं से शुरू होता है दूसरा सवाल यदि यह स्थान जय सिंह की संपत्ति था, तो वहाँ पहले क्या था? यही वह बिंदु है जहाँ इतिहास और विवाद एक-दूसरे से टकराते हैं। कुछ शोधकर्ता और याचिकाकर्ता कहते हैं कि इस प्रश्न की गहन पुनर्पड़ताल होनी चाहिए। उनका तर्क है कि उपलब्ध दस्तावेजों की नई दृष्टि से समीक्षा आवश्यक है। दूसरी ओर, अधिकांश पेशेवर इतिहासकार और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का मत है कि उपलब्ध ऐतिहासिक और पुरातात्विक साक्ष्य ताजमहल को शाहजहाँ के काल में निर्मित मकबरे के रूप में ही समर्थन देते हैं।

'महल' और 'जमीन'–बहस का असली मोड़

इस पूरे विवाद में एक और दिलचस्प तथ्य सामने आता है। कुछ लेखकों ने यह प्रश्न उठाया कि बाद के कुछ विवरणों में ‘राजा मानसिंह का महल’ की जगह ‘राजा मानसिंह की जमीन’ जैसा उल्लेख क्यों मिलता है। इसी अंतर को लेकर कई वैकल्पिक व्याख्याएँ सामने आईं और बहस का दायरा बढ़ा। हालांकि, इस विषय पर इतिहासकारों में एकमत नहीं है और विभिन्न लेखक अलग-अलग निष्कर्ष प्रस्तुत करते हैं। यहाँ सबसे बड़ा सवाल यह नहीं है कि कौन-सा दावा अधिक लोकप्रिय है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या उपलब्ध दस्तावेज किसी एक निष्कर्ष तक निर्णायक रूप से पहुँचाते हैं? अब तक सार्वजनिक रूप से उपलब्ध और व्यापक रूप से स्वीकार किए गए ऐतिहासिक शोध के आधार पर इसका उत्तर स्पष्ट नहीं है। यह स्थापित है कि भूमि का संबंध राजा जय सिंह से था, लेकिन यह प्रश्न कि उस स्थान पर पहले कौन-सी संरचना थी, आज भी विवाद और शोध का विषय बना हुआ है। इसी कारण अदालतों ने भी ऐसे मामलों में ठोस साक्ष्यों के महत्व पर बल दिया है। ताजमहल की बहस का पहला अध्याय किसी मंदिर या मकबरे से नहीं, बल्कि एक जमीन से शुरू होता है। इतिहास के पन्ने बताते हैं कि उस भूमि का संबंध राजा जय सिंह की संपत्ति से था। इसके आगे की कहानी वहाँ पहले क्या था, क्या बदला, क्या निर्मित हुआ यही वह हिस्सा है जहाँ दावे, दस्तावेज और व्याख्याएँ अलग-अलग रास्तों पर चल पड़ते हैं।

# कागजों का नागरिक

-कुमार कृष्णन

अपने ही देश के नागरिक को आखिर कितने दस्तावेज चाहिए? यह प्रश्न जितना सीधा दिखाई देता है, उसका उत्तर उतना ही उलझा हुआ है। यह केवल प्रशासनिक प्रक्रिया का प्रश्न नहीं, बल्कि लोकतंत्र, नागरिकता और राज्य के चरित्र से जुड़ा हुआ सवाल है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहली पहचान यह होनी चाहिए कि वह अपने नागरिक पर विश्वास करे। लेकिन जब नागरिक को हर कुछ वर्षों पर अपनी पहचान, अपना पता, अपना जन्म, अपनी जाति, अपनी आय, अपना निवास और कभी-कभी अपनी नागरिकता तक बार-बार प्रमाणित करनी पड़े, तब यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि आखिर संदेह किस पर है—नागरिक पर या व्यवस्था की अपनी क्षमता पर? भारत में आज एक सामान्य नागरिक के पास दस्तावेजों की लंबी सूची है। जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, राशन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक खाते का केवाईसी, आय प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र, परिवार पहचान पत्र, स्वास्थ्य कार्ड, श्रमिक कार्ड, किसान पंजीकरण, पेंशन पहचान और न जाने कितने प्रमाणपत्र। इनमें से अधिकांश का उद्देश्य अलग-अलग बताया जाता है, किंतु नागरिक के अनुभव में ये सब अंततः उसी की पहचान को बार-बार सिद्ध करने की प्रक्रिया बन जाते हैं। विडंबना यह है कि एक सरकारी विभाग जिस दस्तावेज को अंतिम प्रमाण मानता है, दूसरा विभाग उसी पर भरोसा नहीं करता। कहीं आधार पर्याप्त नहीं होता तो कहीं मतदाता पहचान पत्र अमान्य हो जाता है। किसी योजना के लिए राशन कार्ड चाहिए, तो दूसरी के लिए निवास प्रमाणपत्र। तीसरी योजना में दोनों होने के बावजूद नया सत्यापन अनिवार्य हो जाता है। नागरिक के लिए यह केवल कागजों का बोझ नहीं, बल्कि समय, धन, श्रम और मानसिक थकान का भी बोझ है। सबसे अधिक कठिनाई उन लोगों के सामने आती है जो समाज के सबसे कमजोर तबकों से आते हैं। ग्रामीण भारत का गरीब, प्रवासी मजदूर, भूमिहीन किसान, बुजुर्ग, दिव्यांग, आदिवासी और बेघर व्यक्ति अक्सर उन्हीं दस्तावेजों के अभाव में अपने अधिकारों से वंचित हो जाता है जिनके निर्माण की प्रक्रिया तक उसकी पहुँच सहज नहीं होती। जिन लोगों को राज्य की सबसे अधिक आवश्यकता है, वही लोग कागजी औपचारिकताओं के सबसे बड़े शिकार बन जाते हैं। डिजिटल भारत का सपना निश्चित रूप से स्वागतयोग्य है। तकनीक प्रशासन को सरल, पारदर्शी और तेज बना सकती है।

# शटर में उतर रहे करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, दो मासूमों के सिर से उठा पिता का साया

खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बुधवार की सुबह थाना क्षेत्र के तारगहना गांव में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया घर के मुख्य शटर में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से 41 वर्षीय युवक की मौत हो गई घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तारगहना गांव निवासी अच्छेलाल बिंद के 41 वर्षीय पुत्र शिवपूजन बिंद अपने परिवार के साथ रात में छत पर सोए हुए थे भोर में तेज हवा और बारिश शुरू होने पर परिवार के लोग सामान समेटने के लिए नीचे आने लगे इसी दौरान शिवपूजन घर के मुख्य शटर को खोलने पहुंचे परिजनो ने बताया कि शटर के पास से गुजर रही बिजली की केबल कहीं से क्षतिग्रस्त थी, जिससे शटर में करंट प्रवाहित हो गया था। जैसे ही शिवपूजन ने शटर को हाथ लगाया, उन्हें जोरदार करंट का झटका लगा।



झटके से वह पास में रखे तख्त पर गिर पड़े और सिर में गंभीर चोट लगने के बाद अचेत हो गए। परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल, जौनपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। शिवपूजन पिकअप चालक थे और उसी की कमाई से पूरे परिवार का भरण-पोषण होता था। उनके निधन से पत्नी चन्देरखा पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा शिवपूजन अपने पीछे दो मासूम बच्चों पुत्र शिवांश और पुत्री आंषि को छोड़ गए पिता की असमय मौत से दोनों बच्चों के सिर से साया उठ गया घटना के बादपरिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

# स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन, मेडिकल कॉलेज व निजी अस्पतालों की अव्यवस्थाओं पर उठाई आवाज

## सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड में लंबी प्रतीक्षा, चिकित्सकों की कमी व अवैध अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई की मांग

सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। जनपद सोनभद्र में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति को लेकर काशी क्षेत्र मीडिया प्रभारी विपिन तिवारी ने उत्तर प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री को विस्तृत ज्ञापन सौंपकर मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल तथा निजी अस्पतालों में व्याप्त गंभीर अव्यवस्थाओं पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आम जनता को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि सोनभद्र मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल में मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। चिकित्सकों और संसाधनों की कमी के कारण मरीजों को उपचार के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। वहीं सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड सहित अन्य महत्वपूर्ण जांचों के लिए लंबी-लंबी तिथियां मिलने से गंभीर मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे दूर-दराज के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को मजबूरन निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।



ज्ञापन में जिले में बिना मानकों के संचालित हो रहे निजी अस्पतालों एवं अवैध क्लीनिकों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। आरोप लगाया गया कि कई निजी चिकित्सा संस्थान स्वास्थ्य विभाग के निर्धारित नियमों की अनदेखी करते हुए मरीजों का इलाज कर रहे हैं, जिससे मरीजों की सुरक्षा और जीवन दोनों खतरे में पड़ रहे हैं। ऐसे अस्पतालों एवं क्लीनिकों की व्यापक जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई।

काशी क्षेत्र मीडिया प्रभारी विपिन तिवारी ने कहा कि सोनभद्र एक आदिवासी एवं पिछड़ा जनपद है, जहां बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल में आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, चिकित्सकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने, जांच सुविधाओं को सुचारु एवं समयबद्ध बनाने तथा अवैध रूप से संचालित अस्पतालों और क्लीनिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से यह भी अपेक्षा जताई गई कि जनहित से जुड़े इन गंभीर मुद्दों पर स्वास्थ्य मंत्री शीघ्र संज्ञान लेकर प्रभावी कदम उठाएंगे, ताकि जिले के लाखों नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें तथा स्वास्थ्य व्यवस्था में जनता का विश्वास और अधिक मजबूत हो।

# केराकत में धार्मिक स्थल की जमीन को लेकर विवाद गहराया, पैमाइश में 904 वर्गफुट भूमि पर कब्जे का दावा

**प्रियेश गुप्ता रुद्रा**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। केराकत तहसील क्षेत्र के थानागद्दी गांव में धार्मिक स्थल की भूमि को लेकर विवाद एक बार फिर चर्चा में है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि मंदिर की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर मजार और कथित मस्जिद का निर्माण किया गया है। इस संबंध में प्रशासन को दिए गए ज्ञापन के बाद राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि की पैमाइश की।

शिकायतकर्ताओं के अनुसार, थानागद्दी बाजार से मजार की ओर जाने वाली पतली गली सहित बड़ी मजार का आधे से अधिक हिस्सा तथा छोटी मजार पूरी तरह मंदिर की भूमि पर निर्मित है। उनका दावा है कि मंदिर की जमीन पर अतिक्रमण कर उसे मजार के रूप में विकसित किया गया।



बताया जा रहा है कि लेखपाल की टीम द्वारा की गई पैमाइश में कथित रूप से लगभग 904 वर्गफुट भूमि मंदिर की बताई गई, जिस पर कब्जा होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, इस मामले में राजस्व विभाग या जिला प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। साथ ही दूसरे पक्ष का भी पक्ष सामने नहीं आया है।

प्रशासन का कहना है कि पैमाइश की रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले को देखते हुए क्षेत्र में स्थिति पर प्रशासन की नजर बनी हुई है।

वहीं यह समाचार शिकायतकर्ताओं द्वारा लगाए गए आरोपों और उपलब्ध जानकारी पर आधारित है। वास्तविक स्थिति एवं अंतिम निष्कर्ष प्रशासनिक जांच और सक्षम अधिकारियों की रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा।

# जौनपुर महिला से मारपीट का वीडियो वायरल, आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। केराकत क्षेत्र में महिला से मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। केराकत कोतवाली पुलिस ने सोहनी गांव निवासी परशुराम यादव को उसके घर से गिरफ्तार किया। वायरल वीडियो सामने आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया था, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ केराकत थाने में बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए अभियुक्त का चालान कर न्यायालय भेज दिया। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है, वहीं पुलिस का कहना है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## एचपीसीएल का मनाया गया स्थापना दिवस

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के 52वें स्थापना दिवस के मौके पर विमल गैस सर्विस, सुक्खीपुर जौनपुर द्वारा बुधवार को अपने शोरूम परिसर में ग्राहकों को पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्राहकों को पौधों का वितरण किया गया साथ ही परिसर में पौधरोपण भी किया गया, साथ ही सुरक्षा नियमों की उन्हें जानकारी भी दी गई। यह कार्यक्रम विमल गैस सर्विस के प्रोप्राइटर रतन सोनकर के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस मौके पर अमित श्रीवास्तव, लालजी सोनकर, अभिषेक गुप्ता, फारिस खान, पतिराम यादव, प्रदीप मौर्या, दिलीप जायसवाल, अरविन्द कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।



# पूर्व विधायक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किया विधानसभा भवन लखनऊ का भ्रमण

केराकत, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। केराकत विधानसभा के पूर्व विधायक भारतीय जनता पार्टी जौनपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश चौधरी ने करवाया अपने कार्यकताओं को विधानसभा का भ्रमण दिनांक 13 जुलाई दिन सोमवार को विधानसभा क्षेत्र केराकत के करीब ढाई सौ से अधिक वर्तमान मंडल के पदाधिकारी पूर्व मंडल के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकताओं को पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने बड़े ही भाव के साथ अपने विधानसभा क्षेत्र केराकत के सम्मानित कार्यकताओं को विधानसभा भवन का भ्रमण करवाया।

विधान भवन के अंदर सदन वाले हाल में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री गिरीश चंद्र यादव के हाथों से सम्मानित कार्यकताओं को पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने अंग वस्त्र दिलवा करके उनका सम्मान करवाया उनके हौसलों को बढ़ाया। क्षेत्र में पूर्व विधायक के इस पहल की बहुत चर्चा है। कार्यकर्ता कह रहे हैं इतिहास में ऐसा कोई कार्य किसी



जनप्रतिनिधि ने आज तक नहीं किया। पूर्व विधायक के इस सराहनीय पहल की कार्यकर्ता एवं जनता जनार्दन में बहुत चर्चा है। पूर्व विधायक ने कहा कि अभी यह पहले टोली में लेकर के विधानसभा भ्रमण करवाने आया हूं। अभी दूसरी टोली में बचे हुए कार्यकताओं को भी विधानसभा का भ्रमण करवाऊंगां। पूर्व विधायक ने कहा कि कार्यकताओं का सम्मान ही मेरा सम्मान है। मेरे लिए बूथ पर लड़ाई लड़ने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता मेरे लिए सम्माननीय हैंआदरणीय हैं। मैं इन लोगों के मान सम्मान और स्वाभिमान के लिए सदैव अपने आप को समर्पित करके रखता हूं।

पूर्व विधायक ने जो कार्य कर दिया वह कार्य आज तक पूर्वांचल के किसी भी जनप्रतिनिधि ने नहीं किया है ऐसा भी लोगों में चर्चा है।

# चुम्मी कांडः वायरल वीडियो के बाद प्राइमरी स्कूल के शिक्षक और शिक्षिका निलंबित, जांच शुरू

कन्नौज (उत्तरशक्ति)। सरकारी प्राथमिक विद्यालय में तैनात एक



शिक्षक और शिक्षिका का कथित आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग ने दोनों को निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि वीडियो कई माह पुराना है, लेकिन हाल ही में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद विभाग ने मामले का संज्ञान लिया।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, वायरल वीडियो की जानकारी मिलते ही प्रथम दृष्टया अनुशासनहीनता मानते हुए दोनों शिक्षकों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। साथ ही पूरे मामले की विभागीय जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं।

शिक्षा विभाग का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दोनों शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है और मामले की गहन जांच जारी है।

इस घटना के सामने आने के बाद शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली और विद्यालयों में अनुशासन को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। वहीं अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने के बाद तथ्यों के आधार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# धमार्पुर में ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली एवं गोष्ठी का आयोजन, मुख्य अतिथि रहे बीएसए समीर

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विकास खंड धमार्पुर में स्कूल चलो अभियान (द्वितीय चरण) के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय रैली एवं गोष्ठी का आयोजन किया



गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समीर रहे। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी धमार्पुर, शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र, अनुदेशक, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं पुष्पगुच्छ भेंट के साथ हुआ। अपने संबोधन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समीर ने कहा कि ₹कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।₹ उन्होंने शिक्षकों से घर-घर संपर्क कर विद्यालय से बाहर रह गए बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराने का आह्वान किया।

इसके बाद निकाली गई जागरूकता रैली ने क्षेत्रवासियों को शिक्षा के महत्व, नियमित विद्यालय उपस्थिति तथा परिषदीय विद्यालयों में उपलब्ध निःशुल्क सुविधाओं के प्रति जागरूक किया। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को विद्यालय की मुख्यधारा से जोड़ते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है।

# 7 अगस्त को निकलेगी बोल बम कांवड़ यात्रा की भव्य शोभायात्रा

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बोल बम कांवड़िया संघ, जौनपुर द्वारा आगामी 7 अगस्त 2026 (शुक्रवार) को बाबा बैद्यनाथ धाम जलाभिषेक के लिए विशाल कांवड़ यात्रा एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस संबंध में संघ के महासचिव विमल सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र देकर आवश्यक प्रशासनिक सहयोग, सुरक्षा व्यवस्था और सुचारु यातायात की मांग की है।

पत्र के अनुसार, शोभायात्रा सुबह 8 बजे हनुमान घाट, चौरा माता मंदिर (गोमती तट) से घोड़े, भगवान शिव की आकर्षक झांकियों, भजन-कीर्तन और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के साथ प्रारंभ होगी। यात्रा सद्भावना पुल, ओलंदगंज, कजगांव पड़ाव, शाही पुल, चहारसू चौराहा, कोतवाली चौराहा, सब्जी मंडी और सुतहट्टी बाजार होते हुए भंडारी रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। वहां से श्रद्धालु

## प्रशासन से सुरक्षा व यातायात व्यवस्था की मांग

फरक्का एक्सप्रेस द्वारा सुल्तानगंज रवाना होंगे और गंगाजल लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए पदयात्रा करेंगे।

संघ ने बताया कि मार्ग खराब होने तथा बिजली के खंभों और तारों की समस्या के कारण इस वर्ष शोभायात्रा का रूट परिवर्तित किया गया है। साथ ही प्रशासन से अंडरग्राउंड बिजली बॉक्स को सुरक्षित ढंकने, बिजली के तार ऊंचे कराने, पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती तथा कार्यक्रम के दौरान सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है।

बोलबंग कांवड़िया संघ के अनुसार, हर वर्ष की तरह इस बार भी विभिन्न मोहल्लों से शिवभक्त झांकियों और भजन मंडलियों के साथ यात्रा में शामिल होंगे तथा मार्ग में अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएं श्रद्धालुओं के स्वागत और जलपान की व्यवस्था करेंगी।

# सोनम वांगचुक के अनशन की उपेक्षा लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीतः पवन कुमार सिंह एडवोकेट

**सुशील कुमार तिवारी**

सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर शिक्षा सुधार, पर्यावरण संरक्षण एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर लंबे समय से अनशन पर बैठे समाजसेवी सोनम वांगचुक की लगातार हो रही उपेक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त की है।



उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण एवं अहिंसक आंदोलन जनता की आवाज होते हैं। यदि कोई व्यक्ति इतने दिनों से अनशन पर बैठा है और अब तक सरकार अथवा प्रमुख जनप्रतिनिधियों द्वारा उनसे संवाद स्थापित करने का गंभीर प्रयास नहीं किया गया है, तो यह लोकतांत्रिक संवेदनशीलता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। आगे पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि किसी भी जनआंदोलन का समाधान संवाद और सकारात्मक पहल से ही संभव है। सरकार एवं सभी जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि वे राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर सोनम वांगचुक से वार्ता करें, उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करें तथा लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करते हुए शीघ्र समाधान की दिशा में सार्थक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, पर्यावरण एवं देश के भविष्य से जुड़े विषय केवल किसी एक व्यक्ति के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के सरोकार हैं। ऐसे मुद्दों पर संवेदनशीलता, संवाद और सकारात्मक निर्णय समय की आवश्यकता है।

# प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनता इण्टरमीडिएट कालेज बीरभानपुर के प्रांगण में 2025-26 के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय की प्रबन्धक उर्मिला सिंह एवं प्रधानाचार्य आनन्द प्रकाश सिंह ने गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात छात्रों को मिष्ठान वितरण करके सम्मानित किया। जैसे ही छात्र पुरस्कार प्राप्त किये, प्रफुल्लित एवं अपने को गौरवान्वित महसूस करते हुये उछलने–कूदने लगे। सभी शिक्षकों ने उज्जवल भविष्य का कामना किया। साथ ही आगे और अच्छा परिश्रम करने का मार्ग से अवगत कराया। छात्रों में अति उत्साह देखा गया जहां बच्चों ने विद्यालय के प्रति आभार ज्ञापित किया। अन्त में जितेन्द्र सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। छात्र-छात्राओं ने स्व. समरजीत सिंह की प्रतिमा के समक्ष पूरे स्टाफ के साथ पुष्पांजलि अर्पित किया। साथ ही उन्हें याद करते हुये उनके सपनों को साकार करने का संकल्प किया।




# 16 माह से जाम नाली बनी मुसीबत

## घरों में भर रहा गंदा पानी, मानीकलां के लोगों में आक्रोश

**डॉ.इम्तियाज अहमद**

मानीकलां, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विकास खंड सोंधी शाहगंज क्षेत्र के कस्बा मानीकलां में कम्पोजिट विद्यालय के निकट स्थित मस्जिद जन्नतुल फिरदौस के पश्चिमी हिस्से की नाली पिछले करीब 16 माह से जाम पड़ी है। नाली की नियमित सफाई नहीं होने से घरों का गंदा पानी बाहर नहीं निकल पा रहा है, जिससे जलभराव और गंदगी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम विकास अधिकारी ने रोस्टर के अनुसार सफाई कराए जाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक मौके पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।



नाली जाम होने से गंदा पानी गलियों और घरों के आसपास जमा हो रहा है। इससे दुर्गंध फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो गए हैं, जिससे लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

एक ओर जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत गांवों और कस्बों में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दे रहे हैं, वहीं मानीकलां में लंबे समय से जाम नाली प्रशासनिक दावों की पोल खोलती नजर आ रही है।

स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से तत्काल नाली की सफाई कराकर जल निकासी व्यवस्था बहाल करने तथा लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

समस्या उठाने वालों में फिरोज अहमद, अल्ताफ अहमद, मोहम्मद अरशद, नदीम अनवर, मौलाना नसीम, हकीमुद्दीन, हाफिज तबरेज, मोहम्मद फैज, रेहान अहमद, रियाजुद्दीन, शकील अहमद, इश्तियाक अहमद, शाहनवाज अहमद, रियाज अहमद, निजामुद्दीन, मो. सालिम खान और मोहम्मद हैदर सहित अनेक स्थानीय नागरिक शामिल हैं।

# रेणुकूट में 500 पौधों का रोपण, 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को मिला जनसमर्थन

रेणुकूट,सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना 'वृक्षारोपण महायज्ञ' अभियान के अंतर्गत 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल को आगे बढ़ाते हुए रेणुकूट स्थित आश्रम पार्क के समीप नोखई पम्पहाउस के नजदीक व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन हिण्डाल्को पर्यावरण विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी), सोनभद्र के क्षेत्रीय अधिकारी के निर्देशानुसार किया गया।

इस अवसर पर प्रातः 11 बजे लगभग 500 पौधों का सफलतापूर्वक रोपण किया गया। कार्यक्रम में उद्यान (हॉर्टिकल्चर) टीम के समन्वय से विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए, जिससे क्षेत्र की हरित आच्छादन को बढ़ावा मिल सके।




वृक्षारोपण अभियान में गार्डेन विभाग की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया।

इस मौके पर उपस्थित पर्यावरण विभाग के प्रमुख श्री सत्यजीत आचार्या ने कहा कि ‟एक पेड़ माँ के नाम‟ अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावनात्मक और सामाजिक जुड़ाव का प्रतीक है, जो प्रकृति और मातृत्व दोनों के प्रति सम्मान व्यक्त करता है। उन्होंने बताया कि इस तरह के प्रयास न केवल पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में सहायक हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम का सफल संचालन पर्यावरण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी श्री अनिल सिंह द्वारा किया गया। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया, जिसमें सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विवेक मिश्रा, अलोक उपाध्याय, अम्बरीष सिंह, प्रभात द्विवेदी, महेन्द्र तिवारी, कुमुद यादव, हरिओम केसरी, ज्ञाना दास एवं गार्डेन तथा पर्यावरण विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

